लोकसभा अध्यक्ष ने संसद सदस्यों से "स्वच्छता अभियान के इस संकल्प को संसद से गांव-गांव तक पहुंचाने" का आग्रह किया

नई दिल्ली 13 जुलाई 2019 :लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में दो दिवसीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने संसद सदस्यों से स्वच्छता अभियान के इस संकल्प को संसद से प्रत्येक गांव तक ले जाने का आग्रह किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह; केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन; केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी और कई अन्य केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य तथा अन्य गण्यमान्य प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर गण्यमान्य प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि संसद भवन परिसर में आज आयोजित स्वच्छता अभियान का शुभारंभ गांधी जी द्वारा देखे गए स्वच्छता के सपने को साकार करने का एक प्रयास है और इसका उद्देश्य स्वच्छता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान गांधी जी की 150वीं वर्षगांठ के दृष्टिगत शुरू किया गया था श्री बिरला ने कहा कि संसद सदस्य लोकतंत्र के मंदिर अर्थात संसद में भारत की 130 करोड़ जनता के प्रतिनिधि हैं और इस अभियान के प्रति जनता को जागरूक एवं सजग बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री बिरला ने आगे कहा की स्वच्छता का महत्व देव-भक्ति के समान ही है और यह स्वच्छता अभियान मात्र संसद भवन तक सीमित अभियान ही नहीं है अपितु इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के संदेश को देश के प्रत्येक गांव व नगर तक पहुंचाने का है ताकि समाज के लोग स्वस्थ रह सकें।

इससे पूर्व श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह पहला ऐसा अवसर है जब संसद भवन में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री सिंह ने आगे कहा कि स्वच्छता अभियान अब तक एक आंदोलन बन गया है और देश का जन-जन अपने परिवेश और वातावरण की स्वच्छता तथा उससे संबंधित स्वास्थ्यगत लाभों के प्रति सजग एवं सतर्क है।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य प्रतिनिधियों ने भी गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश में "स्वच्छता" के संदेश को फैलाने की प्रतिज्ञा की जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया गया कि

स्वच्छता ईश्वर की भक्ति के समान है और समाज को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है (प्रति संलग्न)। तदनंतर श्री बिरला ने संसद भवन, संसदीय ज्ञानपीठ, संसदीय सौध और संसदीय सौध विस्तार भवन का निरीक्षण किया और स्वच्छता तथा परिसर को स्वच्छ रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

संसद भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय स्वच्छता अभियान 13 और 14 जुलाई 2019, दोनों दिन, पूर्वाह्न 9:00 से 10:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के सुचारू रूप से संचालन हेतु संसद भवन परिसर को सात खंडों में विभाजित किया गया है और इस स्वच्छता अभियान को समन्वित करने के लिए वरिष्ठ(नोडल) अधिकारियों को विनिर्दिष्ट किया गया है।